# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 27 सितंबर 2024


**विचार–प्रवाह...**
राष्ट्रीय नेतृत्व का आग्रह





मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 24.0°

79924.77

2 थाईलैंड में समलैंगिक कर सकेंगे विवाह

7 शाकिब अल हसन ने लिया रिटायरमेंट

# अनुसंधान से आत्मनिर्भरता हमारा मिशन: पीएम

## पीएम मोदी ने लॉन्च किए 130 करोड़ में बने 3 स्वदेशी परम रुद्र सुपर कम्प्यूटर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर लॉन्च किए हैं, जो स्वदेशी तकनीक से निर्मित हैं। यह कदम राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। सुपर कम्प्यूटर की लागत 130 करोड़ रुपये आई है। प्रधानमंत्री ने गुरुवार शाम वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिए इन तीनों सुपरकम्प्यूटरों को राष्ट्र को समर्पित किया। स्वदेशी रूप से विकसित किए गए इन सुपरकंप्यूटरों को कई वैज्ञानिक विषयों में अग्रणी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में तैनात किया गया है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग प्रणाली का भी उद्घाटन किया। मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा, ''विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने।''

उन्होंने कहा, ''एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने–चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं।'' उन्होंने कहा, ''क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है।

### विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा, ''मिशन गगनयान की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और 2035 तक हमारे पास अपना अंतरिक्ष स्टेशन होगा।'' उन्होंने कहा कि परियोजना के पहले चरण को मंजूरी दी गई है।



### मौसम और जलवायु अनुसंधान में भी बड़ी प्रगति

प्रधानमंत्री ने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार जिस एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का उद्घाटन किया उसे 850 करोड़ रुपये के निवेश से तैयार किया गया है। पीएमओ के अनुसार, यह परियोजना मौसम संबंधी अनुप्रयोगों के लिए भारत की कम्प्यूटेशनल क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीएमओ ने कहा कि दो प्रमुख स्थलों– पुणे में भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) और नोएडा में राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) में मौजूद इस एचपीसी प्रणाली में असाधारण कंप्यूटिंग शक्ति है।

### क्या खूबियां, क्या करेगा काम?

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तैयार किए गए हैं। इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप, फास्ट रेडियो बर्स्ट और अन्य खगोलीय घटनाओं का पता लगाने के लिए सुपरकंप्यूटर का इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में आईयूएसी पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उन्नत अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद फिल्म रिसोर्स डायरेक्ट्री के निर्माण में जुटी’

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद द्वारा फिल्म जगत के लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत फिल्म रिसोर्स डायरेक्ट्री का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि यह डायरेक्ट्री उत्तराखंड फिल्म नीति 2024 के अंतर्गत तैयार की जा रही है।

### उन पर भी लागू होगा 75 साल वाला नियम


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर निकलने के बाद लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आक्रामक हैं। पीएम मोदी की रिटायरमेंट को लेकर आरएसएस प्रमुख को लेटर लिख चुके केजरीवाल ने बड़ा दावा किया। केजरीवाल ने कहा कि उनकी आरएसएस के बड़े नेता से मुलाकात हुई है और उन्होंने बताया कि मोदी पर भी 75 साल वाला नियम लागू होगा।

# इजरायल–हिजबुल्ला जंग के बीच भारतीय सेना का सफल ऑपरेशन

## सेना, विदेश मंत्रालय और एजेंसियों ने मिलकर पूरा किया मिशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गाजा युद्ध के बाद अब इजरायल और हिजबुल्ला के बीच हवाई हमले जारी हैं। इस चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच भारतीय सेना ने इजरायल से अपने घायल सैनिक को वापस लाने के लिए सफलतापूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया।



डॉक्टर के नेतृत्व में भारतीय सेना की एक टीम ने सी 130 एयर एंबुलेंस द्वारा संयुक्त राष्ट्र डिसइंगेजमेंट आब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) गोलान हाइट्स से अपने घायल जवान को रेस्क्यू किया। यूएनडीओएफ एक संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन है। मिशन में भारतीय वायु सेना, विदेश मंत्रालय और अन्य एजेंसियों ने साथ मिलकर काम किया। भारतीय सेना ने कहा कि बचाव अभियान ने न केवल यह सुनिश्चित किया कि घायल सैनिक को बेहद अनिश्चित स्थिति के बीच भारत लाया जाए, बल्कि रास्ते में अत्याधुनिक महत्वपूर्ण देखभाल सहायता भी प्रदान की गई।

क्रिटिकल केयर एयर इवैक्यूएशन मेडिकल टीम का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज सिंह ने किया था। हवलदार सुरेश आर घायल होने पर इजरायल के हाइफा में रामबाम अस्पताल में करीब एक महीने तक भर्ती रहे। बाद में 20 सितंबर को उन्हें सीजेड लेवल–1 अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। अब उनकी हालत स्थिर है।

एयर एंबुलेंस उन्हें लेकर तेल अवीव से रात 01.20 पर रवाना हुई और सुबह 10 बजे जामनगर पहुंची। उन्हें हवाई मार्ग से पालम ले जाया गया।

# महालक्ष्मी हत्याकांड के आरोपी की डायरी से खुले राज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। बेंगलुरु में एक महिला के 59 टुकड़े करने वाले संदिग्ध का शव ओडिशा के भद्रक जिले में एक पेड़ पर लटका मिलने के बाद पुलिस को उसकी एक डायरी मिली है, जिसमें उसने अपनी कथित प्रेमिका की हत्या करने की बात कुबूल की है। आरोपित मुक्तिरंजन राय असल में एक मॉल में महालक्ष्मी का बॉस था और एक झगड़े के बाद उसने अपनी प्रेमिका की हत्या करके उसके शव को महिला के बाथरूम में ही धारदार ब्लेड से काटकर फ्रिज में रखा था। शादी का दबाव डालने के कारण उसने यह नृशंस हत्या की थी।

हत्या करने के बाद से मॉल में ड्यूटी पर नहीं आने के कारण ही पुलिस को उस पर शक हुआ और कॉल डिटेल में उन दोनों के बीच बहुत से कॉल हुए थे। राय हत्या के बाद से ओडिशा फरार हो गया था। ओडिशा में भद्रक के एसपी वरुण गुंटुपल्ली ने बताया कि मुक्तिरंजन राय धुसुरी पुलिस स्टेशन के तहत भुइनपुर गांव का रहनेवाला है। राय के शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके स्वजनों को सौंप दिया गया है।

### खुलासा

■बेंगलुरु के मॉल में महालक्ष्मी का बॉस था मुक्तिरंजन

### शादी का दबाव बना रही थी महालक्ष्मी

पुलिस सूत्रों का कहना है कि 30 वर्षीय मुक्तिरंजन राय ने अपनी डायरी के एक पन्ने में सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें बताया कि उसने तीन सितंबर को 29 वर्षीय विवाहिता और एक बच्चे की मां महालक्ष्मी की हत्या उस समय की जब वह उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। उसने तंग आकर यह हत्या की है। उसके बाद उसने पूरे घर की एसिड से सफाई की ताकि बाहर से अंदर देखने वालों को कोई शक न हो।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# घरेलू हिंसा के कानून में नहीं चलेगा हिंदू–मुसलमान

■सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया- सबपर होगा लागू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि डीवी एक्ट (डोमेस्टिक वॉयलेंस एक्ट) 2005 तमाम महिलाओं पर लागू होता है। महिलाओं को भारतीय संविधान में जो अधिकार मिले हुए हैं उन अधिकारों को प्रोटेक्ट करने के लिए यह कानून है और यह सभी महिलाओं पर समान रूप से लागू होता है। यह एक्ट एक सिविल कोड की तरह है और इस तरह से यह भारत की सभी महिलाओं पर लागू होता है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि महिला किस धर्म या समुदाय से ताल्लुक रखती हैं। यह तमाम धर्म व समुदाय से ताल्लुक रखने वाली महिलाओं पर लागू होता है।

कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को महिला ने चुनौती दी थी। दरअसल महिला फरवरी 2015 में गुजारा भत्ता आदि के लिए डीवी एक्ट के तहत मैजिस्ट्रेट कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने अर्जी स्वीकार कर ली और प्रति महीने 12000 रुपये गुजारा भत्ता और एक लाख रुपये मुआवजे भुगतान किए जाने का निर्देश दिया था।

# चीनी ड्रैगन की हरकत का जापान ने दिया करारा जवाब

**जवाब**

## जापान ने ताइवान स्ट्रेट में भेज दिया अपना विध्वंसक युद्धपोत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोक्यो। चीन के उकसावे भरी कार्रवाई के जवाब में जापान ने अपनी नौसेना के विध्वसंक को चीन और ताइवान के बीच भेज दिया। जापान समुद्री आत्मरक्षा बल का विध्वसंक बुधवार 25 सितम्बर को ताइवान जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) से होकर गुजरा है। यह पहली बार हुआ है जब जापानी विध्वंसक जेएस साजानामी ताइवान स्ट्रेट से गुजरा है। इसके पहले अगस्त में चीनी टोही विमान ने जापान के हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की थी। जापान की ताजा कार्रवाई को चीन की उसी हरकत का जवाब माना जा रहा है।



रिपोर्ट के अनुसार, जापानी सरकार के सूत्रों ने बताया है कि इस अभ्यास का आदेश जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो ने किया था। जापान का मानना है कि अगर चीनी घुसपैठ का जवाब न दिया गया तो बीजिंग को प्रोत्साहन मिलेगा और वह दोबार भी ऐसी हरकत कर सकता है। जेएस साजानामी ने सुबह पूर्वी चीन सागर की ओर से ताइवान स्ट्रेट की तरफ अपना मार्ग शुरू किया। 10 घंटे से ज्यादा समय तक दक्षिण की ओर चलने के बाद शाम को यह ताइवान स्ट्रेट से होकर गुजरा। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के नौसैनिक जहाज भी ताइवान स्ट्रेट से होकर गुजरे। जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल गुरुवार को दक्षिण चीन सागर में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लिया। इस साल अगस्त से ही जापान के आस–पास चीन की सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं।

26 अगस्त को जापान के समयानुसार सुबह 11.29 बजे चीनी टोही विमान शांक्सी वाई–9 ने पूर्व की तरफ से जापानी एयरस्पेस में घुसपैठ की थी। इसके बाद 18 सितम्बर को चीनी नौसैनिक जहाज योनागुनी और इरियोमोटे आइलैंड के बीच से होकर गुजरे थे। इसमें चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग भी शामिल ता। पहली बार जापान के रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार किया कि चीनी एयरक्राफ्ट ने जापानी एयरस्पेस का उल्लंघन किया और चीनी एयरक्राफ्ट करियर जापान के पास से होकर गुजरा है।

ताइवान स्ट्रेट चीन और ताइवान के बीच मौजूद समुद्री क्षेत्र है। इसके सबसे संकरा क्षेत्र 130 किलोमीटर चौड़ा है। किसी देश की जमीन से 12 समुद्री मील (22 किलोमीटर) का जलक्षेत्र उसका क्षेत्र माना जाता है। अमेरिका समेत कई देश ताइवान स्ट्रेट को अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र मानते हैं और इसे किसी देश का हिस्सा नहीं मानते हैं। हालांकि, चीन ताइवान स्ट्रेट को अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र बताने का विरोध करता है। बीजिंग की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए जापान इस क्षेत्र में अपने नौसैनिक जहाज भेजने से परहेज करता रहा है। हालांकि, जापानी तटरक्षक बल के जहाज तूफान से बचने के लिए ताइवान स्ट्रेट के ऊपरी समुद्र में रहे हैं, लेकिन कभी भी जलडमरूमध्य से नहीं गुजरे हैं।

## न्यूज डायरी



### कश्मीर पर तुर्की ने भी छोड़ा साथ तो यूएनएससी से गिड़गिड़ाए शहबाज शरीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर पहुंचे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर को लेकर सुरक्षा परिषद से हस्तक्षेप की गुहार लगाई है। पाकिस्तान के बार गिड़गिड़ाने के बाद भी संयुक्त राष्ट्र के कोई ऐक्शन नहीं लेने पर बौखलाए शहबाज शरीफ ने कहा है कि सुरक्षा परिषद जम्मू कश्मीर को लेकर चल रहे विवाद को अब ज्यादा अनदेखा नहीं कर सकती है। शहबाज ने दावा किया कि कश्मीर विवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। शहबाज शरीफ का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्र में अकेला पड़ गया है। इससे पहले तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने भी कई साल बाद कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए अपने वार्षिक भाषण में नहीं उठाकर अपने इस्लामिक भाई पाकिस्तान को झटका दे दिया था। शहबाज शरीफ ने सुरक्षा परिषद से यह भी आरोप लगाया कि भारत की ओर से कश्मीरी लोगों के मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है। शहबाज ने सुरक्षा परिषद से मांग की कि वह इसे खत्म कराए। साथ ही संयुक्त राष्ट्र कश्मीर में आत्मनिर्णय कराने के अपने प्रस्तावों को लागू कराए।

### बांग्लादेश के हिंदू मंदिरों को वसूली की मिली धमकियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा। दुर्गा पूजा से पहले बांग्लादेश में इस्लामिक समूहों के जरिए कुछ मंदिरों को धमकियां मिली है। मंदिर समितियों को धमकी दी गई कि अगर उन्हें दुर्गा पूजा मनाना है तो उन्हें 5 लाख बांग्लादेशी टका देने होंगे। अगर पैसे नहीं दिए गए तो पूजा नहीं करने दी जाएगी। वहीं, 22 सितंबर को मदरसा के कुछ लोगों ने लक्ष्मीगंज जिले के रायपुर इलाके में दुर्गा प्रतिमाओं को तोड़ा था। बरगुना जिले में भी प्रतिमाएं तोड़ी गई थी। इस मामले पर हिंदू समुदाय के कुछ लोगों ने चटगांव और खुलना में जिले के अधिकारियों के सामने शिकायत भी दर्ज करवाई थी। हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के महासचिव महेंद्र नाथ ने कहा कि खुलना शहर के डाकोप कस्बे में 25 से अधिक मंदिरों को पांच दिवसीय उत्सव मनाने के लिए 5 लाख रुपये की मांग करते हुए धमकियां मिली हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने फरमान जारी करते हुए कहा था कि दुर्गा पूजा के दौरान अजान से पहले और नमाज के दौरान कोई भी संगीत न बजाएं।

### अब थाईलैंड में समलैंगिक जोड़े कर सकेंगे विवाह, सरकार ने बनाया कानून


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बैंकाक। थाईलैंड में समलैंगिक जोड़े अब विवाह के बंधन में बंध सकेंगे। दरअसल, मंगलवार को राजा महा वजीरालोंगकोर्ण की मंजूरी के बाद समलैंगिक विवाह अधिनियम अब कानून बन गया है। यह कानून अगले साल यानी 22 जनवरी 2025 से देश में लागू हो जाएगा। कानून लागू होने के बाद देश में कोई भी समलैंगिक जोड़ा अपने विवाह का कानूनी तौर पर पंजीकरण करा सकता है। अब थाईलैंड एशिया में तीसरा और दक्षिण–पूर्व एशिया में समलैंगिक विवाह को मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है। अप्रैल में थाईलैंड की प्रतिनिधि सभा और जून में सीनेट में इस विधेयक को पारित किया गया था। अब राजा की मंजूरी के बाद कानून का रूप ले लिया है। कानून में समलैंगिक विवाह को मान्यता, वित्तीय और चिकित्सा अधिकार प्रदान करने का प्रावधान है। समलैंगिक जोड़े बच्चे गोद ले सकेंगे। उन्हें विरासत का अधिकार भी मिल गया है। वहीं अब दस्तावेजों में लिंग की जगह स्त्री–पुरुष और पति–पत्नी के स्थान पर लिंग तटस्थ शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। सबसे पहले 2021 में नीदरलैंड ने समलैंगिक विवाह को मान्यता दी थी। मौजूदा समय में दुनिया के 30 से अधिक देशों में समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिल चुकी है। अगर एशिया की बात करें तो ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड ऐसा करने वाला तीसरा देश बना है। कानून के बनने से थाईलैंड में समलैंगिक विवाह की मांग करने वाले कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। 22 जनवरी को एक हजार से अधिक समलैंगिक जोड़े का सामूहिक विवाह कराने की तैयार भी चल रही है।

## इस्लामीकरण की राह पर बढ़ रही बांग्लादेश की सेना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** ढाका। शेख हसीना के जाने के बाद बांग्लादेश तेजी से इस्लामीकरण की राह पर बढ़ रहा है। अब बांग्लादेश की सेना पर भी इस्लामिक कट्टरपंथियों के आगे झुक गई है। बांग्लादेश की सेना ने पहली बार महिला सैनिकों को हिजाब पहनने की अनुमति दी है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगर महिला सैनिक हिजाब पहनना चाहती हैं तो वे पहन सकती हैं। एडजुटेंट जनरल के कार्यालय से इसका आदेश जारी किया गया, जिसमें महिला सैन्यकर्मियों के लिए हिजाब पहनना वैकल्पिक कर दिया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, महिला अफसरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य सैन्यकर्मियों पर हिजाब पहनने को लेकर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया है। एडजुटेंट जनरल के कार्यालय से जारी आदेश में कहा गया है, 3 सितंबर को पीएसओ सम्मेलन के दौरान सैद्धांतिक रूप से निर्णय लिया गया, जिसमें इच्छुक महिला कर्मियों को अपनी वर्दी के साथ हिजाब पहनने की मंजूरी दी गई।

इसके पहले बांग्लादेश की महिला सैन्यकर्मियों को वर्दी के साथ हिजाब पहनने की अनुमति नहीं थी। एडजुटेंट कार्यालय ने निर्देश दिया है कि अलग–अलग वर्दी (लड़ाकू वर्दी, कामकाजी वर्दी, साड़ी) के साथ हिजाब के सैंपल प्रस्तुत किए जाएं। सैंपल में फैब्रिक, रंग और माप को भी शामिल करने को कहा गया है।



## हिजबुल्लाह को घुटनों पर नहीं ला सकता इजरायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। इजरायल और लेबनान के हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है। हिजबुल्लाह को ईरान समर्थन देता है। इस बीच ईरान के सुप्रीम लीड आयतुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि इजरायल की ओर से टॉप हिजबुल्लाह कमांडरों की हत्या हिजबुल्लाह को नहीं हरा सकती। सेना के वर्तमान और पूर्व अधिकारियों के साथ उन्होंने मीटिंग में कहा, हिजबुल्लाह के कुछ प्रभावी और मूल्यवान सैनिक शहीद हो गए हैं। इससे निस्संदेह हिजबुल्लाह को नुकसान हुआ है। लेकिन यह उस तरह का नुकसान नहीं था जो हिजबुल्लाह को घुटनों पर ला दे। ईरानी सुप्रीम लीडर ने आगे कहा, शहिजबुल्लाह की संगठनात्मक और मानवीय ताकत उससे कहीं ज्यादा है। उनकी ताकत उससे कहीं ज्यादा है और इन शहादतों से उन्हें गंभीर रूप से प्रभावित नहीं किया जा सकता है।

## भारतीय पर्यटकों के लिए तरस रहा मालदीव, 50000 से ज्यादा घटी संख्या

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

माले। चीन के गुलाम मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद से मालदीव भारतीय पर्यटकों के लिए तरस रहा है। तमाम जतन के बाद भी मालदीव की सरकार भारतीय पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने में नाकाम रही है, जिसका असर देश की पहले से खराब चल रही अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। पिछले दो सालों में मालदीव के पर्यटन बाजार में भारत सबसे बड़ा भागीदार रहा है, लेकिन इस साल देश में भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी कमी देखी गई है।

मालदीव में इस साल भारतीय पर्यटकों की संख्या में 50,000 से ज्यादा की गिरावट हई है। मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के

**चीन के गुलाम मुइज्जू का हर जतन हुआ नाकाम**

अनुसार, पिछले साल 24 सितम्बर तक भारत से 146,057 पर्यटक देश में पहुंचे थे। वहीं, इस साल 24 सितम्बर भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या सिर्फ 88,202 है। इस तरह भारतीय पर्यटकों की संख्या में 57,855 की गिरावट आई है।

मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट इस साल की शुरुआत में तब हुई, जब मोहम्मद मुइज्जू सरकार के तीन मंत्रियों ने सोशल मीडिया पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद भारत में मालदीव के टूरिज्म का बायकॉट को लेकर बड़ा अभियान चला, जिसे मशहूर हस्तियों ने भी समर्थन दिया था।

हालांकि, भारी विरोध होता देख मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने तीनों मंत्रियों को निलंबित कर दिया था, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था। इसके बाद से भारतीय पर्यटकों ने मालदीव के लिए पहले जैसा रुख नहीं किया है। मालदीव की सरकार ने एक बार फिर से भारत के साथ संबंधों को सुधारने की शुरुआत की है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मालदीव ने वेलकम इंडिया अभियान शुरू किया, लेकिन यह भी भारतीय पर्यटकों को दिल जीतने में सफल नहीं हो पाया है। हालांकि, इस बीच चीन और पश्चिमी यूरोपीय देशों से मालदीव आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है।

### पुतिन ने बदली परमाणु हमले की नीति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मॉस्को। रूस ने परमाणु हमले को लेकर अपनी नई नीति का एलान किया है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि परमाणु संपन्न राष्ट्र के समर्थन वाले देश के रूस पर हमले में दोनों देशों को आक्रमणकारी माना जाएगा। इसके बाद रूस दोनों पर जवाबी कार्रवाई के लिए स्वतंत्र होगा। पुतिन ने यह बात राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में कही है जो परमाणु नीति में बदलाव के सिलसिले में आयोजित की गई थी। बैठक में पुतिन ने कहा, परमाणु हथियार संपन्न देश के समर्थन से गैर परमाणु हथियार वाले देश का रूस पर हमला दोनों देशों का संयुक्त हमला माना जाएगा और जवाबी कार्रवाई की जाएगी। माना जा रहा है कि रूस पर यूक्रेन के बढ़ते हमलों के मद्देनजर परमाणु हमले की नीति में यह बदलाव किया गया है। यूक्रेन बीते ढाई वर्षों से अमेरिका और पश्चिमी देशों के समर्थन से रूस से टक्कर ले रहा है।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# सभी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति कराना विभाग की जिम्मेदारी

बैठक

## शहरी विकास मंत्री अमृत योजना की प्रगति के संबंध में अधिकारियों के साथ की समीक्षा



**संवाददाता**

देहरादून। शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने गुरूवार को विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में प्रदेश में चल रही "अमृत योजना" की प्रगति के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा राज्य के शहरों में पेयजल समस्याओं के निजात के लिए फंडिंग की जाती है इसलिए हमारा कर्त्तव्य है कि हम इसमें पूरी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अमृत योजना का उद्देश्य प्रदेश के शहरों में जलापूर्ति, सीवरेज, जल निकासी, शहरी परिवहन तथा शहरों में अत्याधुनिक सुविधाओं का निर्माण करना है, इन सभी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति कराना विभाग की जिम्मेदारी है।

शहरी विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश के शहरों में अमृत योजना–1.0 के तहत 151 योजनाएं कार्यरत हैं जिनमें से 143 योजनाएं पूर्ण हो चुकीं हैं तथा शेष 08 योजनाओं को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

मंत्री ने कहा कि अमृत योजना–2.0 जोकि वर्ष 2021 से 2026 तक की समयावधि के लिए थी जिसमें सम्मिलित योजनाओं पर विभाग द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत योजना के तहत प्रदेश के 27 शहरों में कार्य गतिमान हैं। उन्होंने कहा कि पहले फेज में लगभग रू0 233 करोड़ के विकास कार्य किये जायेंगे जबकि दूसरे फेज के विकास कार्यों के निष्पादन के लिए लगभग रू0 356 करोड़ की स्वीकृति हेतु भारत सरकार को भेजा गया है। शहरी विकास मंत्री ने कहा कि हमारा सर्वप्रथम उद्देश्य जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यदि सभी कार्य ससमय पूर्ण हो जाते हैं तो प्रदेश के 27 शहरों को लगभग मार्च 2026 तक शत–प्रतिशत पेयजल सुविधाओं से आच्छादित किया जा सकेगा।

मंत्री ने कहा कि अमृत योजना से जुड़े विकास कार्यों की समय–समय पर समीक्षा की जायेगी तथा उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, लापरवाही में संलिप्त व्यक्ति या विभाग के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर बैठक में नितिन भदौरिया, अपर सचिव, शहरी विकासधमिशन डायरेक्टर, जल जीवन मिशन एवं अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### 18–19 आयु वर्ग के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने को चलाया जा रहा अभियान

**संवाददाता** चमोली। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का दिनांक 01 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक जनपद के 592 मतदेय स्थलों की मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाए जाने हेतु बीएलओ द्वारा मतदेय स्थल के अन्तर्गत निवासित मतदाताओं के घर–घर जाकर सत्यापन किया जा रहा है। जनपद के अर्ह नागरिक जो 01 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वो 18 अक्टूबर 2024 तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। वर्तमान में जनपद की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अन्तर्गत 18–19 आयु वर्ग की जनसंख्या 14961 है जिसके सापेक्ष 7461 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं, और 7500 अर्ह नागरिकों के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाने शेष हैं।

### सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास विभाग मंत्री श्री गणेश जोशी आज से तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभाग किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्राम्य विकास विभाग मंत्री गणेश जोशी रुद्रप्रयाग पहुंचकर दोपहर 2:40 बजे कंडारा व अगस्त्यमुनि में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता करेंगे। आज मनसूना व कोटमा में तथा शनिवार को ल्वारा में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर में प्रतिभाग करेंगे। साथ ही दोपहर 2 बजे राजकीय इंटर कॉलेज गुप्तकाशी में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भेंटवार्ता व बैठक करेंगे।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 35 लोगो का चालान

**अर्जुन सिंह भण्डारी** देहरादून। राजधानी की मर्यादा को आहत करते हुए शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो के अलग अलग हिस्सो में सार्वजनिक स्थानों में सड़क किनारे शराब पीने वालों के खिलाफ दून पुलिस किसी भी सूरत में बख्शने के मूड में नही है। जिस क्रम में राजधानी पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में शराब ठेकों के बाहर, अन्य सार्वजनिक स्थानों, सड़क किनारे वाहनों में शराब पीने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। गुरुवार को रायपुर पुलिस द्वारा सहस्त्रधारा रोड, चूना भट्टा, सोडा सरोली रोड, राजीव नगर कंडोली आदि क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर सड़क किनारे अपनी गाडियों में शराब पीने वाले 35 लोगो का पुलिस एक्ट में चालान करते हुए 8 हजार 750 रुपये जुर्माना वसूल किया।

## सीएम ने प्रदेशवासियों को दी विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड का अपनी समृद्ध संस्कृति और विरासत के कारण देश और दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान है। यहां के त्योहार, मेलों और उत्सवों में प्रदेश की बहुआयामी लोक संस्कृति, हस्तशिल्प, नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य, लोक संगीत एवं नृत्यों की विविधताएं सैलानियों के लिए सदैव ही आकर्षण का केन्द्र रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे चारधाम सदियों से देश व दुनिया के करोड़ों लोगों के आस्था के केंद्र रहे हैं। राज्य की आर्थिकी को मजबूती देने में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि रोड़ कनेक्टिविटी एवं हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार से निश्चित रूप से राज्य के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और राज्य की आर्थिकी के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी को भी मजबूत किया जा रहा है। पहाड़ में रेल का सपना पूरा होने जा रहा है। राज्य के नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य के कारण पर्यटन, उद्योग एवं व्यापार की यहां अपार संभावनाएं हैं। राज्य में होम स्टे को और बढ़ावा दिया जा रहा हैं। इससे ग्रामीण पर्यटन तथा आर्थिकी को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन राज्य के विकास और रोजगार दोनों का आधार भी है।




## पुलिस ने नाबालिग को भगाने वाले अभियुक्त को पंजाब से किया गिरफ्तार

**संवाददाता** पौड़ी। बीते माह 05 अगस्त को स्थानीय निवासी यमकेश्वर द्वारा थाना यमकेश्वर में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि उनकी नाबालिग भतीजी घर से बैंक गयी थी जो अभी तक घर वापस नहीं आयी है। शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना यमकेश्वर में मु0अ0सं0– 09ध्24, धारा–137(2) बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा नाबालिग महिला सम्बन्धी अपराध पर त्वरित कार्यवाही कर गुमशुदा को सकुशल बरामद करने एवं अभियोग के सफल निस्तारण करने हेतु टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया ।जिसके क्रम में थानाध्यक्ष यमकेश्वर जयपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

## श्री केदारनाथ धाम की द्वितीय चरण की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

**संवाददाता**

■यात्रा मार्ग व धाम में मिल रही सुविधाओं की जमकर की सराहना

रुद्रप्रयाग। मानसून सीजन समाप्ति की ओर है। पिछले एक सप्ताह में मौसम साफ होने से साथ ही श्री केदारनाथ धाम यात्रा ने भी तेजी पकड़ ली है। बीते 31 जुलाई को केदारघाटी में अतिवृष्टि के बाद कई स्थानों पर सड़क व पैदल मार्ग बाधित होने से यात्रा काफी प्रभावित हो गई थी लेकिन अब धीरे–धीरे यात्रा तेज गति से चलने लगी है।

श्री केदारनाथ धाम की द्वितीय चरण की यात्रा जोरों पर है। शासन–प्रशासन द्वारा केदारनाथ धाम की यात्रा को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करने लिए सभी आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं यात्रा व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है।

कानपुर, उत्तर प्रदेश निवासी मनीष पांडे ने केदारनाथ धाम की यात्रा से उत्साहित होते हुए कहा कि उनकी बचपन से केदारनाथ धाम आने की बहुत इच्छा थी जो कल पूरी हो गई। अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में सारी व्यवस्थाएं उचित परिस्थितियों में बनी हुई हैं। उन्होंने शासन–प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर उचित व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही मंदिर में भी दर्शन अच्छे तरीके से हो रहें हैं और किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो रही है ना खाने पीने की ना ठहरने की सारी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें यहाँ पर आकर बहुत अच्छा लगा और मंदिर में दर्शन करके धन्य हो गया और मैं केदारनाथ का हमेशा ऋणी रहूँगा। बीजापुर कर्नाटक के श्रद्धालु ने बताया कि उन्हें दर्शन काफी अच्छे से हुए हैं और ठहरने की भी व्यवस्था काफी अच्छी है पीने के लिए गर्म पानी मिल रहा है। उन्होंने शासन–प्रशासन और मंदिर समिति की व्यवस्थाओं की सराहना की।

तीर्थ पुराहित राजकुमार तिवारी ने कहा कि 31 जुलाई को हुई अतिवृष्टि के बाद यात्रा मार्ग के मुख्य पड़ावों सोनप्रयाग, गौरीकुंड, भीमबली, छोटी लिनचोली आदि स्थानों में नुकसान हो गया था।

## ठगी करने वाले गिरोह का एक अन्य सदस्य गिरफ्तार

**संवाददाता** चमोली। देशभर में डिजिटल सेवा केन्द्र खुलवाने एवं टावर लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले गैंग के एक अन्य सदस्य को चमोली पुलिस ने आगरा उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। जानकारी हो कि बीते साल भरत सिंह पंवार निवासी ग्राम सैकोट द्वारा कोतवाली चमोली पर शिकायत दर्ज करवाई कि डिजिटल सेवा केन्द्र खोलने के नाम पर उनके साथ लगभग 36 लाख 78 हजार रुपये की ठगी की गई है। उक्त अपराध की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान चमोली सर्वेश पंवार द्वारा मामले में अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु तत्काल पुलिस टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त रिफाकत अली निवासी उत्तर प्रदेश को पुलिस टीम द्वारा कुछ दिन पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

आप बहाने बनाते हैं मतलब सफल तो बनना चाहते हैं लेकिन कार्य करने से जी चुराते हैं। -अज्ञात



विचार-प्रवाह देहरादून, शुक्रवार, 27 सितंबर 2024

पेज थ्री
www.page3news.in

# राष्ट्रीय नेतृत्व का आग्रह

**राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया ब्लॉक की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और बीजेपी पर उसका दबाव बना रहे।**

अनुज श्रीवास्तव।।

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए विपक्षी इंडिया ब्लॉक में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद आप ने प्रत्याशियों की दो–दो सूची जारी कर दी है, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। फिर भी दोनों दलों में कुछ लोग हैं, जो अभी गठबंधन की उम्मीद छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

हालांकि यह बात पहले दिन से साफ है कि हरियाणा कांग्रेस इस बार किसी से भी गठबंधन करने के पक्ष में नहीं है। प्रदेश कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, दस वर्षों की एंटी इनकंबेंसी के मद्देनजर ठश्रच 2019 से कमजोर स्थिति में है, जब उसे 90 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें मिली थीं। हालिया लोकसभा चुनावों के नतीजे भी संकेत दे रहे हैं जहां पिछली बार की दसों सीटों की जगह उसे सिर्फ 5 सीटें मिलीं। आप को कांग्रेस के साथ गठबंधन में यहां एक लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का मौका मिला था, लेकिन वह हार गई थी। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस गठबंधन को पूरी तरह गैर जरूरी मान रहा है।



इसके बावजूद अगर दोनों पक्ष गठबंधन के लिए बातचीत की मेज पर बैठे तो उसके पीछे कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व का आग्रह था। राहुल गांधी अब लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उनकी प्राथमिकता यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के इंडिया ब्लॉक की एकजुटता और उसकी मजबूती में किसी तरह की कमी न दिखे ताकि केंद्र सरकार और बीजेपी पर उसका दबाव बना रहे। हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटों में आई कमी के बाद विपक्ष को जो थोड़ी धार मिली है, उसके मद्देनजर ये चुनाव अहम माने जा रहे हैं। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में भी चुनाव होने हैं। दिल्ली विधानसभा के चुनाव भी ज्यादा दूर नहीं हैं। ऐसे में हरियाणा विधानसभा चुनाव में अगर इंडिया ब्लॉक साथ मिलकर मजबूती से लड़ता दिखा और अच्छी जीत दर्ज करा पाया तो उसका असर न केवल आने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि पूरे विपक्ष के मनोबल पर पड़ेगा।

अगर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों को याद करें तो इस पर लगभग आम राय है कि वहां कांग्रेस को प्रदेश नेतृत्व के अति आत्मविश्वास का नुकसान हुआ। जाहिर है, कांग्रेस इस बार ऐसा कोई रिस्क नहीं लेना चाहेगी। असल सवाल विपक्षी वोटों के बंटवारे का है। जिस तरह से आप प्रत्याशियों की सूची जारी कर रही है, उससे साफ है कि वह इसी पहलू की ओर इशारा कर रही है कि उसे सीटें भले न आएं, कांग्रेस को कई सीटों का नुकसान तो हो ही सकता है।

## रास्ता है क्या?

धर्म-दर्शन



**अशोक वोहरा।** भोलाराम सोच में पड़ जाता है और कुछ देर के बाद, वह कहता है कि, "मैं दावे के साथ कह सकता हूँ, यहाँ पहाड़ी में एक मंदिर है। आप सभी मेरे साथ चलिए। मैं आपको दिखाता हूँ" और भोलाराम सभी को लेकर, पहाड़ी को खोजते हुए चलने लगता है, लेकिन उसे कुछ दूर आते ही, एहसास होने लगता है कि, वह गलत रास्ते जा रहा है क्योंकि, काफी देर तक चलते हुए, उसे पहाड़ी दिखाई नहीं दे रही थी और यह रास्ता भी, उसके लिए अनजाना सा लग रहा था। वह गाँव वालों से तुरंत कहता है कि, "आपके गाँव आने का इसके अलावा कोई और रास्ता है क्या"? गाँव वाले मना कर देते हैं और भोलाराम को समझाते हैं कि, "आप भ्रमित न हों। यहाँ कोई मंदिर नहीं है और न ही कोई साधू भूखा प्यासा बैठा है।

....शेष कल

## संपादकीय

### रीजनल कनेक्टिविटी

मिडल ईस्ट में रीजनल कनेक्टिविटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्ट में भी भारत की सक्रिय भागीदारी है। ये भारत के आर्थिक और रणनीतिक हितों के लिए अहम हैं। इस तरह के प्रॉजेक्ट के जरिए भारत अपनी ट्रेड कनेक्टिविटी बढ़ाने और क्षेत्रीय प्रभाव को मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। ईरान में चाबहार पोर्ट प्रॉजेक्ट, इंटरनैशनल नॉर्थ–साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर और इंडिया–मिडल ईस्ट–यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर में भारत की भागीदारी, सेंट्रल एशिया और यूरोप तक सीधी पहुंच पाने के मकसद से की गई है। इंडिया–मिडल ईस्ट–यूरोप इकॉनमिक कॉरिडोर की घोषणा सितंबर 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इटली, फ्रांस, जर्मनी, और यूरोपीय यूनियन के नेताओं की बैठक के बाद की गई। इस कॉरिडोर का एक अहम हिस्सा इस्राइल का हाइफा पोर्ट है। वहां जारी युद्ध की वजह से इसमें कितनी देरी होगी, कहा नहीं जा सकता। जब यह कॉरिडोर बनेगा तो स्वेज कनाल पर निर्भरता कम हो जाएगी और माल ढुलाई में भी कम वक्त लगेगा।

वह क्षेत्र जहां भारत के लिए सामारिक रूप से अहम है, वहीं ऊर्जा जरूरतों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब, यूएई और इराक भारत के अहम एनर्जी पार्टनर हैं जो भारत की ऊर्जा जरूरतें पूरी करते हैं।

# आर्थिक हितों पर चोट

पूनम पाण्डे।।

मिडल ईस्ट में तनाव बढ़ता है तो दुनिया भर में उसका असर होता है, साथ ही भारत की टेंशन भी बढ़ जाती है। इस्राइल–हमास युद्ध शुरू होने से भी यही हुआ और अब जब लेबनान में मौजूद हिजबुल्लाह और इस्राइल एक दूसरे पर हमले कर रहे हैं तो यह डर भी गहरा गया है कि इस युद्ध में मिडल ईस्ट के और देश भी शामिल ना हो जाएं।

मिडल ईस्ट में शांति भारत के लिए बहुत जरूरी है। इनके कई हित वहां से जुड़े हैं। इसलिए जब पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इस्राइल पर हमला किया और फिर इस्राइल ने गाजा पर हमले के रूप में उसका जवाब दिया तो भारत ने लगातार संतुलित रुख अपनाए रखा। उसने संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित टू स्टेट फॉर्म्युले का समर्थन किया ताकि क्षेत्र में शांति स्थापित हो सके। मिडल ईस्ट में किसी भी प्रकार की अशांति होती है तो उसका सीधा असर भारत की एनर्जी सिक्यॉरिटी और आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। वह क्षेत्र जहां भारत के लिए सामारिक रूप से अहम है, वहीं ऊर्जा जरूरतों के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब, यूएई और इराक भारत के अहम एनर्जी पार्टनर हैं जो भारत की ऊर्जा जरूरतें पूरी करते हैं। वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक 2021 की



रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक प्राथमिक ऊर्जा खपत में भारत की हिस्सेदारी 6.1 प्रतिशत है, और 2050 तक यह हिस्सेदारी बढ़कर 9.8 प्रतिशत हो सकती है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आयातित तेल और नैचरल गैस पर निर्भर है। अब मिडल ईस्ट में तनाव होता है तो सीधा असर तेल और नैचरल गैस की सप्लाई पर पड़ता है। दूसरे शब्दों में इसका मतलब है भारत के आर्थिक हितों को नुकसान। सरकार ने ऐलान किया है कि उसके मौजूदा कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। ऐसे में अगर सप्लाई के एक बड़े हिस्से पर असर पड़ता है तो इसका चेन रिएक्शन होगा। तेल–गैस के दाम बढ़ने से महंगाई दर में इजाफा होगा, जिसका ग्रोथ पर बुरा असर पड़ सकता है।

मिडल ईस्ट में तनाव का असर पहले ही हिंद महासागर में समुद्री व्यापार (मेरीटाइम ट्रेड) पर दिख रहा है। रेड सी इलाके में हूती विद्रोही एंटी शिप बैलेस्टिक मिसाइल तक का इस्तेमाल कर रहे है। रेड सी ग्लोबल ट्रेड की मुख्य आर्टिलरी है। 12 पर्सेंट इंटरनैशनल ट्रेड का रास्ता यही है। जब हूती विद्रोहियों ने यहां हमला शुरू किया तो दुनिया की पांच सबसे बड़ी शिपिंग कंपनियों ने इस रास्ते को जोखिम भरा घोषित कर दिया। नतीजतन, एशिया से यूरोप और अमेरिका की ओर जाने वाले कंटेनर शिप और टैंकरों को अफ्रीका के केपटाउन के पास केप ऑफ गुड होप के रास्ते भेजा जा रहा है।

भारत का 80 पर्सेंट एनर्जी यानी क्रूड ऑयल फारस की खाड़ी के रास्ते आता है लेकिन एनर्जी के अलावा बाकी का 90 पर्सेंट ट्रेड स्वेज कनाल से होते हुए रेड सी के रास्ते ही आता है। रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद भारत ने रूस से ज्यादा क्रूड ऑयल लेना शुरू किया और यह क्रूड ऑयल भी रेड सी के रास्ते ही आ रहा है। यह अहम ट्रेड रूट है।

### अष्टयोग-5018

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 1 | | 6 | 7 | |
| 4 | 28 | | 25 | | 36 | |
| 2 | 5 | | 3 | | 7 | 4 |
| | 34 | | 35 | 5 | 33 | |
| 3 | | 7 | 6 | | | 1 |
| 7 | 34 | 5 | 42 | 3 | 30 | |
| 1 | | | | 7 | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5017 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 |
| 4 | 28 | 2 | 25 | 2 | 36 | 7 |
| 2 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 28 | 5 | 35 | 3 | 39 | 6 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 32 | 3 | 42 | 5 | 32 | 5 |
| 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा

**मोहन।** मिडल ईस्ट भारत के सामान और सेवाओं के लिए एक अहम मार्केट भी है। उन देशों से भारत के व्यापारिक संबंध लगातार बढ़ रहे हैं। उन देशों में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं। ये वहां की इकॉनमी में तो अहम रोल निभाते ही हैं, भारत को विदेशी मुद्रा भी भेजते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 1.34 करोड़ एनआरआई में से करीब 66 पर्सेंट संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, ओमान, कुवैत और बहरीन में रहते हैं। वहां अशांति इन भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा है। केप ऑफ गुड होप वाले रूट से शिपमेंट में 10 दिन एक्स्ट्रा लगते हैं। इससे दूरी करीब 3,500 समुद्री मील (6,482 किलोमीटर) यानी 40 पर्सेंट बढ़ जाती है। दूरी बढ़ने से शिपमेंट महंगा होता है जबकि खतरा बढ़ने से बीमा प्रीमियम महंगा हो जाता है। दोनों ही स्थितियों में मार कंस्यूमर पर पड़ती है।





## जयम रवि को एक्स वाइफ आरती ने घर से निकाला?

साउथ एक्टर जयम रवि और उनकी एक्स वाइफ आरती रवि के तलाक की जांच की चर्चा हर तरफ हो रही है। हर कोई इस रिश्ते के टूटने से हैरान था। बाद में उन्होंने अपनी साइड की स्टोरी सुनाते हुए खुलासा किया कि ये एक सोचा–समझा फैसला था। एक्टर का नाम सिंगर के साथ भी जुड़ रहा है। अब नए अनुमान में ये दावा किया जा रहा है कि जयम को आरती ने अपने घर से निकाल दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, जयम रवि को उनकी पूर्व पत्नी आरती रवि ने घर से निकाल दिया है, जिसके बाद उन्होंने चेन्नई के अधयार पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। एक्टर ने कथित तौर पर अपने घर से सामान वापस पाने के लिए पुलिस ऑफिसर से मदद मांगी है। पुलिस टीम अभी भी मामले की जांच कर रही है। जब से जयम रवि ने सोशल मीडिया पर अपने तलाक का ऐलान किया है, तब से इस मामले पर कई अटकलें लगाई जा रही हैं, जिसमें सवाल उठाया जा रहा है कि आखिर दोनों के बीच क्या गलत हुआ। इसके अलावा, उनका नाम केनिशा फ्रांसिस नाम की एक सिंगर के साथ भी जोड़ा गया, जिसमें कहा गया कि दोनों का सीक्रेट रिलेशनशिप ही उनकी टूटी शादी का कारण था। अगर आप सोच सकते हैं कि पूरी बात तलाक के ऐलान के साथ सामने आई, तो ऐसा नहीं है।

## भक्त पर आई आंच तो मां लक्ष्मी ने किया चमत्कार

वर्ल्डवाइड फिल्म प्रोडक्शंस के बैनर तले निर्मित ध ार्मिक और सामाजिक फिल्म श्ईया अइली मोरे अंगनाश का भक्तिमय ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म के निर्माता विनय सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशन की कमान संजय श्रीवास्तव ने संभाली है। फिल्म में मां लक्ष्मी की भूमिका मणि भट्टाचार्य निभा रही हैं, जो ट्रेलर में काफी प्रभावशाली नजर आ रही हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चौनल से रिलीज किया गया है। फिल्म को लेकर प्रस्तुतकर्ता प्रदीप सिंह ने कहा कि श्ईया अइली मोरे अंगनाश एक ऐसी फिल्म है जो धर्म, आस्था और समाज के साथ गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। ये निश्चित रूप से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाएगी। यह फिल्म सिर्फ एक धार्मिक कहानी नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ जुड़ाव और आस्था का प्रतीक है।
प्रदीप सिंह ने आगे कहा, श्इसमें मां लक्ष्मी की महिमा को दर्शाते हुए, हमारी सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक मूल्यों को भी प्रमुखता से रखा गया है।

## श्रद्धा कपूर की स्त्री 2 ने बनाया अनूठा नया रिकॉर्ड




श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 सच में कोई जादू है। 15 अगस्त को रिलीज हुई यह हॉरर–कॉमेडी बीते 41 दिनों से धमाल मचा रही है। मंगलवार को 41वें दिन भी इसने 1 करोड़ रुपये से अधध्कि की कमाई की है। इसी के साथ इसने विक्की कौशल की उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है, जिसने 41वें दिन अब तक सबसे अधिक 1 करोड़ रुपये की कमाई की थी। लेकिन इतना ही नहीं, अब बुधवार को स्त्री 2 एक अनूठा रिकॉर्ड भी बना रही है, जो आज से पहले किसी हिंदी फिल्म ने नहीं बनाया है। अमर कौशिक के डायरेक्शन में बनी स्त्री 2 इंडियन सिनेमा के इतिहास की सबसे अधिक प्रॉफिट कमाने वाली फिल्म भी बन चुकी है। 55–60 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 41 दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत से 955 प्रतिशत अधिक की कमाई की है। स्त्री 2 ने मंगलवार को 41वें दिन देश में 1.25 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इससे पहले 41वें दिन सबसे अधिक कमाई का रिकॉर्ड उरी के नाम था, जिसने 1.00 करोड़ का कारोबार किया था। श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अब तक 580.25 करोड़ रुपये का टोटल कलेक्शन कर लिया है। जबकि इसने वर्ल्डवाइड 825.00 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है।

# रणबीर और आलिया बिटिया के साथ पेरिस से लौटे

*रणबीर कपूर और आलिया भट्ट हाल ही में पेरिस में अपना वकेशन इंजॉय कर रहे थे। उनके साथ इस ट्रिप पर उनकी लाडली बिटिया राहा भी थी। तीनों अपने पैरिस वकेशन से वापस लौट आए हैं और अब एयरपोर्ट से खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं। यहां बता दें कि आलिया इसी दौरान पेरिस फैशन वीक का भी हिस्सा बनीं। अब आलिया और रणबीर राहा के साथ अपने पेरिस ट्रिप से वापस मुंबई लौट चुके हैं। एयरपोर्ट से राहा के साथ उनकी कई खूबसूरत झलकियां सामने आई हैं।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**एयरपोर्ट पर दादी ने राहा को चूम लिया**
जैसे ही रणबीर और आलिया घर की सबसे लाडली बिटिया रानी राहा को लेकर एयरपोर्ट से बाहर निकले, दादी मां नीतू कपूर वहां अपने बच्चों का इंतजार करती दिखीं। रणबीर की गोद में चिपकीं राहा को देखते ही नीतू कपूर ने राहा को चूम लिया। इसके बाद राहा की नजरें वहां मौजूद कैमरों पर थम गईं और जब तक कार में नहीं बैठी वो कैमरे को एकटक देखती ही रही।

**लोगों ने लिखा है- माशाअल्लाह, बहुत प्यारी बच्ची है**
अपने बच्चों को देखकर नीतू कपूर के चेहरे पर खुशी साफ दिख रही थी। इन झलकियों को देखकर राहा पर लोग भी खूब प्यार बरसा रहे हैं। काफी लोगों ने कहा है– ये कपूर खानदान से अधिक अपनी मां जैसी लगती है। ऐसा लगता है कि छोटी सी आलिया ही हो। एक ने कहा– राहा को बेस्ट डैड मिले हैं। काफी लोगों ने लिखा है– माशाअल्लाह, बहुत प्यारी बच्ची है राहा।



**आलिया और रणबीर की कुछ तस्वीरें**
बता दें कि पेरिस से आलिया और रणबीर की कुछ तस्वीरें भी इंटरनेट पर नजर आई थीं, जिसमें वो फैन्स के साथ पोज देते दिख रहे थे। कपल ने फैन के साथ सेल्फी भी खिंचवाई थी, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर छा गया। वहीं पेरिस फैशन वीक में डेब्यू करने पहुंचीं आलिया ने सबका दिल जीत लिया।

# राजकुमार राव की फिल्म मालिक के शूट के दौरान मचा हुड़दंग




*रिपोर्ट के मुताबिक, राजकुमार राव, मानुषी छिल्लर और सौरभ शुक्ला रात लखनऊ यूनिवर्सिटी के सुभाष हॉस्टल में शूटिंग कर रहे थे। तभी शूट लोकेशन पर बड़ी संख्या में छात्र इकट्ठा हो गए और हंगामा करने लगे और एक्टर्स के साथ फोटो खिंचवाने की मांग करने लगे। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें राजकुमार राव छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं।*

**जोर-जोर से चिल्लाने लगे छात्र, खाने पर बोला धावा**
जब छात्रों से जाने और शूटिंग में बाधा न डालने के लिए कहा गया, तो उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। यही नहीं, उन्होंने एक्टर्स और क्रू के लिए रखे गए खाने पर भी धावा बोल दिया। एक सोर्स ने बताया, छात्र जोर–जोर से चिल्ला रहे थे और मांग कर रहे थे कि राजकुमार राव उनसे आकर मिलें और उनके साथ सेल्फी लें। उन्होंने मांग की कि चूंकि एक्टर उनके हॉस्टल में शूटिंग कर रहे थे, इसलिए उन्हें उन्हें उनसे मिलने आना चाहिए।

**खाना और चाय इधर-उधर बिखेर दी, शूटिंग रुकी**
सोर्स ने आगे बताया कि लोकल सिक्योरिटी ने छात्रों को उस क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी, जहां शूटिंग चल रही थी। जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने हंगामा मचाना शुरू कर दिया, और फिल्म क्रू के लिए रखा गया खाना और इधर–उधर बिखेर दी। यह बहुत ही खराब स्थिति थी और सभी के लिए शर्मनाक भी।अप्रिय स्थिति थी और हम सभी के लिए बहुत शर्मनाक थी। इस उपद्रव और छात्रों के हिंसक होने के कारण एक घंटे से अधिक समय तक शूटिंग रुकी रही।

**राजकुमार राव ने शांति की अपील की**
इसके बाद राजकुमार राव आए और उन्होंने छात्रों से मिलकर शांति की अपील की। यही नहीं, उन्होंने उनके लिए स्त्री 2 का डायलॉग विक्की प्लीज भी बोला। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा, आप लोगों का सहयोग चाहिए अभी। आप लोग भी शांति रखें, हम भी शांति से अपना काम करेंगे। विक्की प्लीज। बताया जा रहा है कि स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि यूनिवर्सिटी के कुछ अधिकारियों को दखल देने के लिए बुलाना पड़ा और फिर शूटिंग दोबारा शुरू हुई।

# इस बार सूखा खाएं, चौंका देगी हड्डियों की मजबूती



**इम्यूनिटी होगी मजबूत**
आलू बुखारे में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जो इम्यूनिटी को भी मजबूत बनाते हैं। ऐसे में बदलते मौसम में होने वाले संक्रमण और कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। पाचन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए भी इसका सेवन किया जा सकता है। इसके अलावा इसे खाने से वेट लॉस में भी मदद मिलती है।


*मजबूत हड्डियों और मांसपेशियों के लिए शरीर को भरपूर मात्रा में कैल्शियम की जरूरत होती है। ऐसे में अपनी डाइट में कैल्शियम से भरपूर चीजों को शामिल करना आवश्यक है। इसके अलावा दांतों के लिए भी कैल्शियम जरूरी होता है। वहीं विटामिन डी शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। दूध, दही, पनीर आदि जैसी चीजों में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है।*

**प्रून्स में मौजूद न्यूट्रिशन**
प्रून्स में आयरन, पोटैशियम, विटामिन आदि पाए जाते हैं। यह डाइटरी फाइबर से भरपूर होता है। शरीर को मजबूत बनाने के साथ दिमाग के लिए भी आलू बुखारे का सेवन करना बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तनाव को कम करते हैं जिससे हमारा ब्रेन हेल्दी रहता है। आलू बुखारा आंखों और स्किन के लिए भी लाभकारी होता है।

**मजबूत हड्डियां**
रोजाना आलू बुखारे या फिर प्रून्स का सेवन करने से हड्डियां मजबूत बनी रहती हैं। खासतौर पर महिलाओं के लिए यह बहुत ही हेल्दी होता है। अगर आप रोजाना 10 से 12 प्रून्स खा रहे हैं तो इससे बोन डेंसिटी बढ़ती है। इसमें मौजूद फेनोलिक और फ्लेवोनॉयड तत्व हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करते हैं।

**डायबिटीज में फायदेमंद**
अगर आपको डायबिटीज की शिकायत है तो आप प्रून्स का सेवन कर सकते हैं। प्रून्स में ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी कम होता है। ऐसे में यह ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने नहीं देता है। इसके अलावा इसमें मौजूद बायोएक्टिव तत्व भी शुगर को कंट्रोल रखने में मदद करता है।

**हार्ट हेल्थ के लिए बढ़िया**
अपने हार्ट को हेल्दी रखने के लिए भी आप रोजाना आलू बुखारा खा सकते हैं। यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल रखता है। इसके अलावा यह बैड कोलेस्ट्रॉल को भी कम करता है। मेनोपॉज के बाद अगर महिलाएं आलू बुखारे का सेवन करती हैं तो हार्ट डिजीज का खतरा कम हो जाता है। प्रतिदिन 50 से 100 ग्राम आलू बुखारा खाना हेल्दी माना जाता है।



## कोविड के बाद यूएस में फैला एक और खतरनाक वायरस

पहले कोविड और अब एक नया वायरस यूएस में चिंता का विषय बना हुआ है। दरअसल, फॉक्स न्यूज रिपोर्ट के अनुसार एक रेसपायरेट्री वायरस पूरे अमेरिका में फैला हुआ है। यह वायरस खासकर बच्चों में ज्यादा फैल रहा है और इसके शिकार हुए बच्चों में पोलियो की तरह ही लकवा मारने के लक्षण सामने आएं हैं। दरअसल, वेस्ट वॉटर सैंपल्स में एंटरोवायरस स्ट्रेन डी68 में बढ़ोतरी देखी गई है। इस वायरस को एक्यूट फ्लेसिड मायलाइटिस (एएफएम) से लिंक किया जा रहा है। यह एक ऐसी कंडीशन है जो नर्वस सिस्टम को प्रभावित करती है, जिससे हाथ और पैरों में गंभीर कमजोरी हो जाती है। यह कंडीशन खासकर छोटे बच्चों को ज्यादा एफेक्ट करती है। रिपोर्ट्स की मानें तो आमतौर एंटरोवायरस हल्के लक्षण पैदा करता है – बहती नाक, खांसी और सिरदर्द। वहीं, 2014 में डी 68 स्ट्रेन ने गंभीर लक्षण पैदा करना शुरू कर दिया था। इस दौरान 120 बच्चों में इसका निदान किया गया और यह पहली बार था जब अमेरिका में पीडियाट्रिक एएफएम में पहली बार इतनी ज्यादा वृद्धि सामने आयी। अगर हम इस वायरस के इलाज की बात करें तो अगेंस्ट अभी कोई इलाज या टीका नहीं है। इसके दीर्घकालिक प्रभाव को समझने के लिए शोधकर्ता इस वायरस के बारे में स्टडी कर रहे हैं। हालांकि, इस बारे में रिसर्च के लिए अभी और ज्यादा जानकारी की जरूरत है।

## शरीर को मिलेगी ताकत, बीमारियों का भी खतरा होगा कम


चने में कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं और सेहत के लिए इसके अनगिनत फायदे होते हैं। चने का सेवन करने से वजन घटाने में भी मदद मिलती है और वजन बढ़ाने के लिए भी इसे खा सकते हैं। ब्रेन हेल्थ से लेकर स्किन और बालों को भी इससे फायदे मिलते हैं। हालांकि कई लोग इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि चने को किस तरह से खाने से ज्यादा फायदा होगा। यानी कौन सा चना ज्यादा हेल्दी होता है भिगोया या फिर भुना। अगर आपके मन में भी यही सवाल है तो हम आपको बता दें कि दोनों के अपने अलग अलग फायदे होते हैं। चने में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फैट, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम, विटामिन ए, बी, सी और डी पाया जाता है। ऐसे में चने का सेवन करने से शरीर मजबूत होता है और बीमारियां हमसे दूर रहती हैं। चने का सेवन करने से शरीर में खून की कमी भी दूर होती है। अगर आप वेट लॉस करने के लिए चने का सेवन कर रहे हैं तो आपको भीगे हुए चने खाने चाहिए। भीगे हुए चने खाने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और वजन घटाने में मदद मिलती है।

## जान लें बॉडी में कहां–कहां है न्यूट्रिशन की कमी



आज जहां कहीं भी देखो केवल यही सुनने में आता है कि बड़ी थकान सी लग रही है, हाथ–पैरों में दर्द हो रहा है, हड्डियों में कमजोरी सी लगती है, ना कुछ करने का मन करता है, केवल सारा दिन सोने का मन करता है और ना जाने क्या–क्या। हम हर चीज के दर्द और कमजोरी का इलाज केवल डॉक्टरों और दवाइयों में ढूंढने में लगे हैं। मगर कोई यह नहीं समझता कि हमारी थाली में जरूरी पोषण की कमी हो रही है। बड़े तो बड़े इन दिनों बच्चे भी थकान और कमजोरी का शिकार हो रहे हैं। वहीं कुछ ऐसी जनता है जो डायटिंग के चक्कर में कहती है कि मैं ये नहीं खाऊंगा, मैं वो नहीं खाऊंगा। ऐसे में आप खुद सोचिए हमारी बॉडी को विटामिन–मिनरल और प्रोटीन जैसे अहम पोषक तत्व कैसे मिलेंगे। हार्वर्ड हेल्थ के अनुसार अमेरिकी लोगों के लिए एक डाइट्री गाइडलाइन निकाली गई, जिसमें कहा गया है कि कई अमेरिकी 4 सबसे जरूरी पोषक तत्वों को अपनी डाइट में भरपूर्ण मात्रा में नहीं ले पाते। अब सवाल उठता है कि न्यूट्रिशन की कमी से क्या होता है? इन पोषक तत्वों की कमी उन्हें शायद अभी नहीं लेकिन बाद में उनके दांत और हड्डियों, हृदय, आंत, मांसपेशियों, रक्तचाप, वजन और अन्य चीजों को प्रभावित करती हुई नजर आएगी। हेल्दी रहने के लिए बैलेंस्ड डाइट बहुत जरूरी है।

# भारत सहित दुनियाभर में मंकीपॉक्स का प्रकोप जारी



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*मंकीपॉक्स वायरस के कारण होता है। यह पॉक्सविरिडे परिवार के ऑर्थोपॉक्सवायरस जीनस का एक डबल–स्ट्रैंडेड डीएनए वायरस है, जिसमें वेरियोला, काउपॉक्स, वैक्सीनिया और अन्य वायरस होते हैं।*

**एमपॉक्स क्लेड 1 वेरिएंट क्या है?**
एमपॉक्स वायरस के दो अलग–अलग क्लेड हैंरू क्लेड 1 (उप–क्लेड 1ए और 1बी के साथ) और क्लेड 2। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, यह त्वचा से त्वचा के संपर्क, सांस की बूंदों, या दूषित सामग्री के संपर्क सहित निकट संपर्क के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। क्लेड एक सामान्य पूर्वज वाले जीवों का समूह होता है।

**एमपॉक्स के संकेत और लक्षण**
एमपॉक्स के संकेत और लक्षण होते हैं जो आमतौर पर एक सप्ताह के भीतर दिखाई देते हैं, लेकिन एक्सपोजर के 1–21 दिनों बाद दिखाई दे सकते हैं। इसके लक्षण आमतौर पर 2–4 सप्ताह तक रहते हैं, हालांकि कमजोर इम्यून सिस्टम वालों में लंबे समय तक रह सकते हैं। लक्षण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न हो सकते हैं। कुछ लोगों के लिए, एमपॉक्स का पहला लक्षण दाने है, जबकि अन्य को पहले बुखार, मांसपेशियों में दर्द या गले में खराश हो सकती है।

- दाने
- बुखार
- गले में खराश
- सरदर्द



- मांसपेशियों में दर्द
- पीठ दर्द
- ऊर्जा में कमी
- लिम्फ नोड्स में सूजन

**कितना घातक है क्लेड 1**
क्लेड 1, क्लेड 2 की तुलना में अधिक गंभीर लक्षणों और उच्च मृत्यु दर से जुड़ा है। क्लेड 1 के कारण होने वाले संक्रमणों के कारण अक्सर अधिक गंभीर बीमारी होती है जिसमें अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु की संभावना अधिक होती है। यह वायरस किसी संक्रमित व्यक्ति या जानवर के निकट संपर्क के साथ–साथ दूषित सामग्री के जरिए फैल सकता है।

**एमपहक्स से कैसे बचें**

- *निकट संपर्क से बचें:* उन लोगों के साथ संपर्क सीमित करें जिन्हें दाने या एमपॉक्स के अन्य लक्षण हैं। संक्रमित व्यक्तियों के साथ बिस्तर, तौलिये या अन्य व्यक्तिगत सामान साझा करने से बचें।
- *स्वच्छता का अभ्यास करें:* किसी संक्रमित व्यक्ति या जानवर के संपर्क में आने के बाद, विशेष रूप से साबुन और पानी से बार–बार अपने हाथ धोएं।
- जानवरों के संपर्क से बचें: यदि आप ऐसे क्षेत्र में रहते हैं जहाँ जानवरों में एमपॉक्स प्रचलित है, तो जंगली जानवरों के संपर्क में आने से बचें, खासकर वे जो बीमार हैं या मर चुके हैं।
- *सुरक्षित यौन व्यवहार:* संचरण के जोखिम को कम करने के लिए यौन क्रिया के दौरान कंडोम और अन्य सुरक्षात्मक उपायों का उपयोग करें।
- संक्रमित व्यक्तियों को अलग करें: यदि आपको एमपॉक्स है, तो वायरस को फैलने से रोकने के लिए खुद को दूसरों से अलग कर लें।



## गिल की जगह अभिषेक शर्मा को मिलेगा मौका

एक रिपोर्ट की मानें तो जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 टीम में शामिल प्लेयर्स को एक बार फिर मौका मिलेगा। इसमें शुभमन गिल की जगह अभिषेक शर्मा की वापसी संभव है। हालांकि, इस बात का पता नहीं है कि उनके साथ ओपनर कौन होगा। अगर यशस्वी जायसवाल को आराम नहीं दिया गया तो वह ओपनर हो सकते हैं। माना जा रहा है कि टी20 सीरीज के पहले मैच में यशस्वी जायसवाल खेलेंगे, जबकि बचे दो मैचों के लिए ईरानी ट्रॉफी में रेस्ट ऑफ इंडिया के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ वापसी करेंगे।

# टी20 में ऋषभ पंत-शुभमन गिल को आराम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम एक ओर जहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट की तैयारी में व्यस्त है तो दूसरी ओर सीनियर सिलेक्शन कमिटी टी20 टीम पर निगाहें गड़ाए हुए है। इस सप्ताह के आखिरी तक अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सिलेक्शन कमिटी बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले 3 टी20 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन करेगी। टेस्ट टीम में खेल रहे कई स्टार खिलाड़ियों को टी20 सीरीज में आराम दिया जा सकता है। दावा किया जा रहा है कि आगे व्यस्त शेड्यूल को देखते हुए टेस्ट टीम में खेलने वाले शुभमन गिल और ऋषभ पंत को टी20 सीरीज से आराम दिया जा सकता है। इसकी पूरी संभावना है कि ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद रहेंगे, जबकि विदर्भ के स्टार जितेश शर्मा विकल्प के तौर पर मौजूद रहेंगे। अगर ऐसा होता है तो झारखंड के ईशान किशन की इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी में देरी हो सकती है। उन्हें ईरानी ट्रॉफी के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में शामिल किया गया है। दूसरी ओर बुमराह को भी आराम दिए जाने की की पूरी संभावना है।

# शाकिब अल हसन ने अचानक किया रिटायरमेंट का ऐलान

**क्रिकेट**

## शाकिब साउथ अफ्रीका के खिलाफ होम सीरीज में खेलने के बाद लेंगे रिटायरमेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बांग्लादेश के दिग्गज ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। शाकिब अल हसन को भारत के खिलाफ टी20 सीरीज खेलना था, लेकिन अचानक उन्होंने रिटायरमेंट की घोषणा कर दी। शाकिब आखिरी बार बांग्लादेश के लिए टी20 विश्व कप में इस फॉर्मेट में मैदान पर उतरे थे। शाकिब ने रिटायरमेंट की घोषणा के साथ ही यह साफ तौर कह दिया कि उनका आखिरी टी20 इंटरनेशनल मुकाबला टी20 में हो गया था। इसके अलावा शाकिब ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा की है। शाकिब फिलहाल भारत दौरे पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज का हिस्सा हैं। टेस्ट क्रिकेट से शाकिब साउथ अफ्रीका के खिलाफ होम सीरीज में



खेलने के बाद रिटायरमेंट लेंगे। शाकिब अपना आखिरी टेस्ट मैच मीरपुर में खेलेंगे। हालांकि, शाकिब के लिए परेशानी ये है कि अगर बांग्लादेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई दिक्कत होती है तो फिर वह अपने देश में आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेल पाएंगे।

बता दें कि शाकिब अल हसन पर बांग्लादेश में तख्तापलट होने के बाद मर्डर केस का चार्ज लगाया गया था, इस कारण से वह अपने देश भी वापस नहीं लौटे थे। इसी बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शाकिब को भरोसा दिलाया कि उन्हें बांग्लादेश के में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी और यहां खेल सकते हैं, तो कुछ भी होगा वह कानून के दायरे में होगा। ऐसे में अगर किसी कारणवश शाकिब अल हसन मीरपुर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेल पाते हैं, तो ऐसी स्थिति में कानपुर में उनके करियर आखिरी टेस्ट मैच होगा।

शाकिब अल दुनिया के दिग्गज ऑलराउंडर में से एक रहे हैं। शाकिब क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में अपने खेल से धमाल मचाया है। वह बांग्लादेश के लिए 70 टेस्ट, 247 वनडे और 129 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। 61.71 की स्ट्राइक रेट से 4600 रन बना चुके हैं, जिसमें 5 शतक, 31 अर्धशतक और 1 दोहरा शतक भी दर्ज है। इस फॉर्मेट में उनका सर्वोच्च स्कोर 217 रन का है। वहीं टेस्ट में गेंदबाजी की बात की जाए तो शाकिब ने 242 विकेट अपने नाम किए हैं। अपनी गेंदबाजी में शाकिब ने 19 बार पंजा खोला है जब दो बार मैच में उन्होंने 10 विकेट भी लिए हैं। वनडे फॉर्मेट में शाकिब अल हसन ने बांग्लादेश के लिए खूब धमाल मचाया है।

# कुलदीप को ग्रीन पार्क में मिल सकता है पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। यहां एक साइकिल वाला भी मर्सिडीज को हाथ दिखाकर रोकता है और उसके सामने से निकल जाता है। यहां हर आदमी अपने आप में बकैत है। जी हां हम बात कर रहे हैं गंगा किनारे बसे कानपुर शहर की। यहां जब भी कोई मैच होता है तो सभी अपने लोकल हीरो को देखने उमड़ पड़ते हैं। शुक्रवार से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच शुरू होगा और इस बार ये लोकल हीरो हैं कुलदीप यादव।

बड़ा सवाल है कि क्या कुलदीप अपने घरेलू मैदान पर खेलेंगे तो जवाब हां में मिलता दिखाई देता है। ग्रीन पार्क में बुधवार दोपहर को अभ्यास के लिए जब भारतीय टीम पहुंची तो कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा

**बांग्लादेश के विरुद्ध दूसरे टेस्ट में सिराज को मिल सकता है**

सबसे पहले पिच देखने पहुंचे और काफी देर तक दोनों के बीच टीम संयोजन को लेकर मंत्रणा हुई।

चेन्नई में जहां भारतीय टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरी थी, तो कानपुर में भारतीय टीम तीन स्पिनरों के साथ उतर सकती है। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा का खेलना तय है। तीसरे स्पिनर के रूप में कुलदीप यादव कोच और कप्तान की पहली पसंद हैं।

25 मार्च 2017 में धर्मशाला में आस्ट्रेलिया के विरुद्ध भारत की ओर से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले कानपुर के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव को अब तक घरेलू मैदान पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का अवसर नहीं मिला है। अपने करियर में 12 टेस्ट मैच खेलने वाले कुलदीप ने अब तक भारत में आठ टेस्ट मैच खेले हैं।

अब सात साल बाद कुलदीप का अपने घर पर टेस्ट मैच खेलने का इंतजार समाप्त होगा। टेस्ट टीम से अंदर बाहर होते रहे कुलदीप को जब–जब अवसर मिला है, उन्होंने खुद को लाल गेंद क्रिकेट में साबित किया है। कुलदीप ने अंतिम टेस्ट मैच इस वर्ष मार्च में इंग्लैंड के विरुद्ध खेला था, जिसमें उन्होंने पांच विकेट हाल के साथ कुल सात विकेट लिए थे। अब तक 12 टेस्ट मैचों में कुलदीप के नाम 53 विकेट लिए हैं और चार बार उन्होंने एक पारी में पांच विकेट चटकाए हैं। आज से होने वाले टेस्ट मैच के लिए पांच व छह नंबर पिच को तैयार किया गया है। चेन्नई में टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी।

## न्यूजीलैंड टीम ने श्रीलंका मैच में बांधी काली पट्टी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाले। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट गाले के गाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम खेल जा रहा है। श्रीलंका ने मैच में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। इस मैच में कीवी खिलाड़ी वापसी करने की कोशिश करेंगे। पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड जीतते–जीतते हार गया था। इस तरह से 2 मैचों की टेस्ट सीरीज में श्रीलंका 1–0 से आगे है। खैर, न्यूजीलैंड के खिलाड़ी जब मैदान पर उतरे तो उन्होंने बांह पर काली पट्टी बांधी हुई थी। दरअसल, यह न्यूजीलैंड टीम के पूर्व मैनेजर इयान टेलर के लिए था। उनका हाल ही में निधन हो गया था। न्यूजीलैंड बोर्ड की ओर से सोशल मीडिया पर लिखा गया– टेस्ट टीम पूर्व ब्लैककैप्स मैनेजर, एनजेडसी निदेशक और क्रिकेट वेलिंगटन के अध्यक्ष इयान टेलर के निधन के शोक में गॉल में दूसरे टेस्ट के पहले दिन काली बांह की पट्टियां पहनेगी।

## न्यूज डायरी



## ग्रीन पार्क में खेलने का बचपन से था सपनाः आकाशदीप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। भारतीय टीम में सीनियर खिलाड़ियों का समर्थन हर खिलाड़ी को मिलता है। इसके कारण युवा खिलाड़ी हर परिस्थिति में खुद को ढाल लेते हैं। ये बातें ग्रीन पार्क स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी आकाशदीप ने कही। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है। मुझे जो अवसर मिला उसको भुनाने में जुटा हूं। ग्रीन पार्क के बारे में बचपन में बहुत सुना था अब देख कर खुशी हुई। यहां पर खेलने का सपना था, यह लगभग पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि चेन्नई में हुए पहले टेस्ट मैच में केवल लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने पर फोकस था। इससे सफलता मिली। उन्होंने कहा कि बीसीसीआइ के घरेलू मैच में गेंदबाजी से ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तक पहुंचा हूं। विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी की सफलता के पीछे उनका कठिन परिश्रम है। रोहित की कप्तानी में गेंदबाजों को खूब अवसर मिल रहे हैं। ग्रीन पार्क के विकेट पर उन्होंने कहा कि विकेट जैसा भी हो हमारा फोकस लाइन और लेंथ पर लगातार गेंदबाजी करने पर होगा। ग्रीन पार्क से जुड़ी यादों के बारे में उन्होंने कहा कि बचपन से इसके बारे में बहुत सुना था। अब देख कर खुशी हो रही है। यहां खेलने का अलग ही आनंद है।


## युवा जमशेद आलम के आगे असहाय दिखे विराट कोहली!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कानपुर। विराट कोहली को आउट करना दुनिया के हर गेंदबाज का एक सपना होता है। विराट का बल्ला जब बोलता है तो बड़े से बड़ा गेंदबाज भी रहम की भीख मांगने लगता है, लेकिन हाल के दिनों में वह खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं या ये कहें कि उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहा है। विराट फिलहाल बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर के ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टेस्ट मैच की तैयारी में हैं। चेन्नई टेस्ट के दोनों ही पारियों में विराट कोहली का बल्ला नहीं चला था। पहली पारी में 6 रन के निजी स्कोर पर उन्हें हसन महमूद और दूसरी पारी में 17 रन पर वह मेहदी हसन मिराज के खिलाफ आउट हो गए। वहीं कानपुर टेस्ट से पहले प्रैक्टिस के दौरान भी विराट कोहली बल्लेबाजी करते हुए संघर्ष करते हुए दिखे।

ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम में प्रैक्टिस के दौरान विराट कोहली को 22 साल के जमशेद आलम नाम के नेट बॉलर ने गेंदबाजी की। जमशेद ने विराट कोहली को कुल चार ओवर की, जिसमें वह दो बार आउट हो गए। खास तौर से जमशेद ने आउटस्विंगर से विराट कोहली को खूब परेशान किया। दो बार आउट होने के बाद विराट कोहली जमशेद आलम से खूब प्रभावित हुए। जमशेद ने एक इंटरव्यू में बताया कि, ‘मैंने विराट कोहली को 24 गेंदें डालीं। मेरी स्पीड लगभग 135 किमी प्रति घंटा थी और मैंने उन्हें दो बार आउट कर दिया। प्रैक्टिस पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार थी, हालांकि कानपुर की पिच आमतौर पर स्पिनर्स के लिए मददगार होती है।

## आईपीएल 2025 में पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने की मिल सकती है अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीसीसीआई आगामी आईपीएल सत्र के लिए फ्रेंचाइजियों को पांच खिलाड़ी रिटेन करने की अनुमति दे सकता है। हालांकि, अगर ऐसा होता है तो फ्रेंचाइजी के पास राइट टू मैच विकल्प उपलब्ध नहीं होगा। पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का अर्थ है कि मुंबई इंडियंस अब हार्दिक पांड्या, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों के कोर को अपने साथ बनाए रख सकती है। हालांकि, अब भी टीमें कितने विदेशी खिलाड़ी रिटेन कर पाएंगी, इस बारे में अभी कोई स्पष्टता नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में बीसीसीआई मुख्यालय में हुई बैठक में सभी 10 फ्रेंचाइजियों के साथ खिलाड़ियों के रिटेंशन पर चर्चा हुई। ज्यादातर फ्रेंचाइजी पांच से छह खिलाड़ियों को रिटेन करने के पक्ष में दिखीं। इसके बाद माना जा रहा है कि बीसीसीआई पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दे देगा। दरअसल, फ्रेंचाइजी का मानना है कि पांच खिलाड़ी रिटेन करने से उनकी ब्रांड वैल्यू भी बरकरार रहेगी। 2022 से पहले फ्रेंचाइजियों को अधिकतम चार खिलाड़ी रिटेन करने की अनुमति थी, जिसमें से अधिकतम तीन भारतीय और दो विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन ही किया जा सकता था।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के विशिष्ट शिक्षा एवम अनुसंधान विभाग की ओर से दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय सीआरई कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष शिक्षा में शिक्षण–सह–अधिगम सामग्री का उपयोग पर व्याख्यान दिए गए। प्रधानाचार्य अमित कुमार शर्मा, एचओडी डॉ. विनोद केन, सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज कुमार, डॉ. सुनील शिर्पुरकर और डॉ. रेवती आदि मौजूद रहे। देशभर से प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं।

### सीएम आवास घेराव की तैयारी में जुटा उक्रांद

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल 24 अक्तूबर को सीएम आवास का घेराव करेगा। गुरुवार को उक्रांद कार्यालय में सीएम आवास घेराव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने कहा कि मूल निवास, भू कानून की मांग को हर हाल में सुनिश्चित कराया जाएगा। उक्रांद कार्यालय में हुई बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि मूल निवास, भू कानून इस राज्य के लोगों की सबसे बड़ी और अहम मांग है। राज्य के लोगों को उनके अधिकार सुनश्चित कराए जाएंगे। रैली के संयोजक का जिम्मा पूर्व अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार संभालेंगे।

### जल निगम पेंशनर्स की 14 अक्तूबर से आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। जल निगम सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ने मांगों का निस्तारण न होने पर 14 अक्तूबर से आंदोलन की चेतावनी दी। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को ज्ञापन सौंप 14 अक्तूबर से आंदोलन का ऐलान किया। पूर्व अध्यक्ष दिनेश भंडारी ने कहा कि लंबे समय से मांगों के निस्तारण पर मैनेजमेंट से लेकर शासन स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रिटायर हुए मंडलीय लेखाकारों का वेतनमान उच्चीकृत नहीं किया जा रहा है। संशोधित पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। यूपी से रिटायर हुए पेंशनर्स को सातवें वेतनमान का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। मांगों के निस्तारण में तेजी लाई जाए।

### उपनल कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी

**संवाददाता** देहरादून। विद्युत संविदा एकता मंच ने उपनल कर्मियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर दूसरे दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। ऊर्जा के तीनों निगमों में उपनल कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध विरोध जताया। संयोजक विनोद कवि ने कहा कि 28 सितंबर तक काली पट्टी बांध विरोध जारी रहेगा। 30 सितंबर को यूजेवीएनएल और एक अक्तूबर को यूपीसीएल मुख्यालय में विरोध जताया जाएगा।

# सचिवालय एवं जिला कारागार परिसर सुद्धोवाला 'ईट राईट कैंपस' घोषित

**सराहना**

■ मुख्य सचिव ने सौंपा प्रमाणपत्र साथ ही सचिवालय प्रशासन की सराहना

■ उत्तराखण्ड सचिवालय,ईट राईट कैम्पस के रूप में प्रमाणीकृत देश के चुनिन्दा सचिवालय परिसरों में शामिल

**संवाददाता**

देहरादून। सुरक्षित स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय दृष्टि से बेहतर भोजन उपलब्ध कराने एवं स्वच्छता के मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा राज्य सचिवालय परिसर एवं जिला कारागार परिसर को ईट राईट कैम्पस का प्रमाण पत्र निर्गत किया गया है।

गुरूवार को राज्य सचिवालय स्थित सभागार में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में इस सम्बन्ध में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर मुख्य सचिव द्वारा भारत सरकार की ओर से निर्गत ईट राईट कैम्पस प्रमाण पत्र को सचिवालय प्रशासन के सचिव श्री दीपेन्द्र चौधरी एवं उपमहानिरीक्षक जेल को विधिवत प्रदान किया गया। इस महत्वपूर्ण एवं कारगर पहल के लिए मुख्य सचिव ने सचिवालय प्रशासन की सराहना की और कार्यक्रम में मौजूद महानिरीक्षक जेल की ओर से ईट राईट कैम्पस प्रमाणीकरण हेतु किये गये प्रयासों की प्रशंसा की।



श्रीमती रतूड़ी ने इस उपलब्धि के लिए सचिवालय परिसर में कार्यशील विभिन्न खान–पान सेवाओं यथा इंदिरा अम्मा भोजनालय, जी.एम.वी.एन कैंटीन के फूड सुपरवाइजर को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उन्हें सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ के मानक अनुसार अपनी सेवाएं बनाये रखने की कसौटी पर प्रतिदिन खरा उतरना चाहिए।

ज्ञातव्य है कि भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा ऐसे सभी कार्य स्थल, जहां पर कार्य करने वाले अधिकांश लोग, कम से कम एक बार का जलपान अथवा भोजन नियमित रूप से ग्रहण करते हैं, को सुरक्षित एवं स्वस्थ खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए ईट राईट कैम्पस पहल आरम्भ की गई है। इस क्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड के तत्वाधान में विगत दिनों राज्य सचिवालय तथा जिला कारागार परिसर, सुद्धोवाला, देहरादून में संचालित समस्त कैंटीन, भोजनालय एवं अन्य खान–पान सेवाओं का फूड सेफ्टी ऑडिट किया गया तथा यहां पर काम करने वाले फूड हैंडलर्स को फूड सेफ्टी आधारित फास्टैक प्रदान किया गया।

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षण हेतु एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ऑडिट कार्यों के लिए यू.आर.एस सर्टिफिकेशन तथा इस पहल के संचालन के लि एद रेड कार्पेट वेंचर जैसी अनुभवी संस्थाओं को अधिकृत किया गया था। इस संपूर्ण प्रक्रिया में राज्य सचिवालय तथा जेल प्रशासन को किसी प्रकार का वित्तीय भार वहन नही करना पड़ा तथा समस्त व्यय सी.एस.आर के तहत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था हर्बलाइफ इंडिया द्वारा किया गया।

### राज्य के अन्य संस्थानों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत होगा: सीएस

खाद्य एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड के तत्वाधान में सचिवालय प्रशासन द्वारा की गई इस पहल को अनिवार्य बताते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सचिवालय एक अनुकरणीय स्थल है और यहां पर राज्य के विभिन्न स्थानों से जनमानस का आवागमन बना रहता है जिसे देखते हुए इस परिसर को ईट राईट कैम्पस के रूप में घोषित किया जाना राज्य सरकार के अन्य संस्थानों के लिए भी एक उदाहरण प्रस्तुत होगा।

इसी प्रकार राज्य में स्थित जेलों के भोजनालय तथा कैंटीन द्वारा खाद्य सुरक्षा के मानकों अनुसार कैदियों को खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना भी सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। इस दिशा में जिला कारागार, सुद्धोवाला को निर्गत ईट राईट कैम्पस का प्रमाण पत्र महत्वपूर्ण कदम है।

# रोजगार देने में उत्तराखंड बना रहा कीर्तिमान

रिपोर्ट

■पीएलएफएस की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, श्रम बल में बढ़ी युवाओं की भागीदारी

**संवाददाता**

*उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों के साथ खड़ा करना हमारा संकल्प है। हम रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित कर रहे हैं। सरकारी क्षेत्र में ही 16 हजार से अधिक युवाओं को हमने नियुक्ति दी है। निजी क्षेत्र में भी यह सिलसिला शुरू हो चुका है। आने वाले वर्षों में निवेश के अधिकांश करारों के धरातल पर उतरने से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उत्तराखंड युवाओं को सिर्फ रोजगार ही नहीं देगा, बल्कि उन्हें दूसरों को भी रोजगार देने वाला बनाएगा।*

**-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड।**

देहरादूनं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संकल्प आकार ले रहा है। रोजगार देने में भी उत्तराखंड कीर्तिमान बना रहा है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे रिपोर्ट में भी उत्तराखंड ने राष्ट्रीय औसत को भी पछाड़ दिया है। उत्तराखंड में बीते एक वर्ष में रोजगार के अवसर बढ़ने से बेरोजगारी घटी है। सभी आयु वर्गो पर नजर डालें तो इसकी दर 4.5 फीसदी से घटकर 4.3 प्रतिशत पर आ गई है। जबकि 15–29 वर्ष के आयु वर्ग में 14.2 से घटकर 9.8 प्रतिशत पर आ गई है।

राज्य में वर्ष 2022–23 की तुलना में 2023–24 में सभी आयु वर्गों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 15–29 वर्ष के आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 27.5 प्रतिशत से बढ़कर 44.2 प्रतिशत हो गया है। युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिले हैं। इसी प्रकार 15–59 वर्ष के आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात अनुपात 57.2 प्रतिशत से बढ़कर 61.2 प्रतिशत पहुंच गया है। जबकि 15 साल और उससे ऊपर की श्रेणी के लिए यह 53.5 प्रतिशत से बढ़कर 58.1 फीसदी हो गया है।

श्रम बल में भी वर्ष 2022–23 के मुकाबले में वर्ष 2023–24 में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। 15–29 वर्ष के आयु वर्ग में श्रम बल भागीदारी दर 43.7 से बढ़कर 49 प्रतिशत पहुंच गई है। इसी प्रकार 15–59 के आयु वर्ग में 60.1 प्रतिशत से बढकर 64.4 प्रतिशत और 15 वर्ष और उससे अधिक की श्रेणी में 56 प्रतिशत से बढ़कर 60.7 प्रतिशत पहुंच गई है।

श्रमिक जनसंख्या औसत में उत्तराखंड ने राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ दिया है। उत्तराखंड में 15–29 के आयु वर्ग में यह औसत 49 प्रतिशत रहा है वहीं राष्ट्रीय औसत 46.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार 15–59 के आयु वर्ग में उत्तराखंड का 64.4 तो राष्ट्रीय औसत 64.3 और 15 वर्ष और उससे अधिक वर्ष की श्रेणी में उत्तराखंड का 60.7 तो राष्ट्रीय औसत 60.1 रहा है।

### बेटियों की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्णः राज्य महिला आयोग अध्यक्ष

**अर्जुन सिंह भंडारी** देहरादून। गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग व उत्तराखण्ड पुलिस द्वारा अवेयरनेस एंड कैपेसिटी बिल्डिंग ऑन एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर पुलिस लाईन देहरादून में एक कार्यशाला आयोजित की गयी। उक्त कार्यशाला का उद्देश्य सभी स्टेकहोल्डर्स को ह्यूमन ट्रैफिकिंग जैसे संगठित अपराध के सम्बन्ध में और अधिक जागरूक करना तथा अपराध की रोकथाम हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स में कैपेसिटी बिल्डिंग को बढ़ाना था।

उक्त कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। पुलिस उपमहानिरीक्षक उत्तराखंड अपराध व कानून व्यवस्था पी0 रेणुका देवी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल द्वारा कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया गया कि बेटियों की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।